महत्वपूर्ण एवं खास

तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग महिला को रौंदा

रायपुर (आरएनएस)। महावीर नगर स्थित सांई मंदिर के पास रोड किनारे बैठी बुजुर्ग महिला को अज्ञात कार चालक ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में राजेन्द्र नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कालीनगर लालपुर निवासी मृतिका कुमारी खनुजा 70 वर्ष महावीर नगर स्थित सांई मंदिर के पास रोड किनारे बैठी थी। तभी अज्ञात कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोकर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घरेलू विवाद में दो पक्ष भिड़े

रायपुर (आरएनएस)। दीपक कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर में घरेलू विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया चंदा तांडी 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि घरेलू विवाद को लेकर आरोपिया ज्योति तांडी 24 वर्ष ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष ज्योति तांडी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया चंदा तांडी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट की। दोनों पक्षों की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। मोमीनपारा में पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोमीनपारा निवासी प्रार्थी हसन अब्बास 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी असफाक, मेहंदी रजा व मोनू ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अलग-अलग इलाको से 12 जुआरी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जुआ खेलते 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 11410 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अमन नगर खम्हारडीह में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी क्षीरसुंदर सोना 28 वर्ष सहित अन्य 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 4040 रुपए जब्त किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने खुड़मुड़ी खार के पास जुआ खेलते आारोपी सुखीराम निषाद 36 वर्ष, नानक राम 38 वर्ष सहित अन्य 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सबके पास से ताशपत्ती सहित नकदी 7370 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जमीन विवाद, घर घुसकर जान से मारने की धमकी दी

महासमुंद (आरएनएस)। जमीन विवाद की बात पर घर घुसकर जान की धमकी देने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस को ग्राम बेमचा निवासी दुर्गा चंद्राकर ने बताया कि देवर टिकेश्वर चंद्राकर से जमीन संबंधी विवाद चल रहा है। बुधवार को टिकेश्वर उनके घर डंडा लेकर आया और उनकी मां और उनको जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी टिकेश्वर चंद्राकर के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

राईस ब्रीडिंग की आधुनिक तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन

- भविष्य के लिए पर्याप्त भोजन उपलब्धता और धान की प्रतिरोधक, सस्ती और यूजर फ्रेंडली वेरायटी के लिए आधुनिक तकनीक पर हुई सेमिनार
- खेती किसानी की आधुनिक तकनीक जानने जुटे अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के कृषि संस्थान और वैज्ञानिक
- अफ्रीका, साउथ एशिया सहित कई देश अपनायेंगे छत्तीसगढ़ की क्रॉप ब्रीडिंग तकनीक

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अन्तर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई ''एग्री कार्नीवाल 2022'' में आज भविष्य के लिए पर्याप्त भोजन की उपलब्धता और इसके लिए अपनायी जाने वाली आधुनिक तकनीक के उपयोग से फसलों की उपज में वृद्धि पर विचार-विमर्श के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान भावी पीढ़ी के लिए भोजन की पर्याप्त उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए धान की रोग-प्रतिरोधक, सस्ती और यूजर फ्रेंडली वेरायटी के उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीकी पर चर्चा और प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्नीवाल में दस अफ्रीकी देशों युगांडा, जिम्बाम्बे, मेडागास्कर, सेनेगल, इथोपिया, नामिबिया, घाना, माली, सेशेल्स, साउथ एशियन देश नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और भारत सहित लगभग 15 देशों के कृषि वैज्ञानिक शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि फसल प्रजनन का यह कार्यक्रम एशिया और अफ्रीकी उप महाद्वीप में चावल प्रजनन कार्यक्रमों के आधुनिकीकरण में तेजी लाने की एक पहल है। इसका उद्देश्य अत्याधुनिक तकनीकों के विषय में क्षमता निर्माण, स्मार्ट प्रजनन प्रौद्योगिकियों, प्रजनन सूचना विज्ञान और लागत उपकरणों पर विशेषज्ञता विकसित करने के लिए विशेष व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा राज्य शासन के कृषि विभाग, छत्तीसगढ़ बायोटेक्नोलॉजी प्रमोशन सोसायटी, अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, फिलीपींस, नाबार्ड, कंसल्टेटिव ग्रुप ऑफ इन्टरनेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), एनएबीएल तथा अन्य संस्थाओं के सहयोग से अन्तर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई ''एग्री कार्नीवाल 2022'' का आयोजन किया जा रहा है। 14 से 18 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन में पहले दिन अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के कृषि संस्थानों के निदेशकों, कृषि वैज्ञानिकों विभिन्न कृषि उत्पाद निर्माता कम्पनियों के वरिष्ठ अधिकारियों, स्टार्टअप्स उद्यमियों एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक शामिल हुए।

अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान, मनीला (फिलीपिंस) के कृषिविद् डॉ. संजय कटियार ने बताया कि हरित क्रांति के बाद लगभग 60 सालों से धान की नई किस्में लाने का काम हो रहा है। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन (ग्लोबल क्लाईमेट चेंज) के कारण बाढ़, सूखा जैसी कई चुनौतियां सामने हैं। ऐसे में अच्छी और जल्दी पैदावार देने वाली रोग प्रतिरोधक फसलों की किस्मों की जरूरत है, जिससे भविष्य में बढ़ती आबादी और बदलते जलवायु के साथ भोजन की पर्याप्त उपलब्धता की चुनौतियों से लड़ा जा सकता है। इसके लिए आधुनिक ब्रीडिंग प्रोग्राम के तहत कई नई वेरायटी लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरे को देखते हुए खाद्य सुरक्षा के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए दुनिया भर में चावल आधारित कृषि प्रणालियों में व्यापक परिवर्तन की आवश्यकता है। किसानों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल और उच्च उत्पादकता और बेहतर पोषण के साथ चावल की किस्मों की आवश्यकता है। उनकी इस जरूरत को जल्द पूरा करने के लिए आधुनिक तकनीक के माध्यम से कई नई धान की किस्में लाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में भी किसानों को नई किस्मों को लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है और सीड सिस्टम का नया एप्रोच उन तक पहुंचाया जा रहा है। यहां लगभग सभी जिलों के किसानों के लगभग 130 एकड़ खेत में आठ से दस प्रकार की नई वेरायटी को पुरानी वेरायटी के साथ लगाकर उन्हें उत्पादन का अंतर समझाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साउथ अफ्रीका के कई देश में अब भी धान उत्पादन की आधुनिक तकनीक का विकास नहीं हो सका है। कार्नीवाल में छत्तीसगढ़ आए विभिन्न देशों के कृषि वैज्ञानिक यहां की तकनीक सीख कर अपने देशों में लागू करेंगे।

प्रशासन के सर्तक करने के बाद भी होटल संचालक धड़ल्ले से कर रहे सफेद कारोबार

- जिला मुख्यालय में खप रहा सेन्थेटिक खोवा और पनीर
- गोपाल डेयरी की लाइसेंस निरस्त

सूरजपुर (आरएनएस)। कलेक्टर सु इफ्फत आरा एवं जिपं सीईओ के निर्देश पर जिले के विभिन्न मिठाइयों की दुकानों में मिठाइयों की गुणवत्ता जांच लगाता कराई जा रही है। इस परिप्रेक्ष्य में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होटल संचालक, पुशपालक एवं पिलखाक्षीर के कर्मचारियों के उपस्थिति में पूर्व दिवस में आयोजित किया गया था, बैठक में सभी को समझाइश दी गई थी कि जिले में बाहर से खोवा एवं पनीर मंगाकर न खफायें।

आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि अधिकारी नितेश मिश्रा एवं तहसीलदार सु हिना टण्डन के द्वारा जिले के प्रसिद्ध बंसल स्वीट्स की जांच की गई, जहा पर मिठाइयां बनाने के लिए धौलपुर देशी शुद्ध घी, हल्दीराम देशी शुद्ध घी, नोवा देशी शुद्ध घी, का उपयोग किया जा रहा है। जांच टीम के द्वारा 1 लीटर घी सेम्पल के लिए गया, जिसे जांच के लिए रायपुर भेजा जाएगा। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में पुराना तहसील के सामने गोपाल डेयरी में टीम जांच के लिए पहुंची अधिकारियों ने दूध, पनीर, खोवा की जांच की दूध एवं पनीर ठीक निकला। इनके यहां लगभग 3 कि.ग्रा. सेन्थेटिक खोवा बरामद हुआ। गोपाल डेयरी के संचालक नीरज पाण्डेय ने मनेन्द्रगढ़ के किसी कैलाश गुप्ता से प्रताप बस द्वारा लगातार मुख्यालय लाकर खपाया जा रहा है। संचालक को नोटिस जारी किया गया है तथा विभाग द्वारा लाइसेंस निरस्तीकरण की गयी।

भैयाथान रोड़ में स्थित बाबा होटल संचालक सुभाष पात्रा के यहां टीम पहुंची, वहां पर भी पुरानाबासी मिठाइया मिली, किचन जांच करने पर कोई साफ-सफाई नहीं मिली, उसके दूध की गुणवत्ता जांच की गयी जो फेल हो गयी। जांच करने पर दूध में फैट 1.63 प्रतिशत तथा पानी 37 प्रतिशत पाया गया। जबकि भैंस के दूध में फैट 5 प्रतिशत, गाय के दूध में 3.2 प्रतिशत तथा मिक्स दूध में 4.5 प्रतिशत होना चाहिए। दूध फेल होने के कारण 25 लीटर दूध को फिकवाया गया। इन्होने बताया कि इनके यहां पम्पापुर गांव से शैलेष यादव नाक का व्यक्ति 40 से 60 लीटर दूध की सप्लाई करता है।

इसी क्रम में महगंवा चौक स्थित पण्डित स्वीट्स जब टीम पहुंची तो वहां के कर्मचारियों में हडक़ंप मच गयी, सब सामान इधर उधर हटाने व भागने लगे। टीम द्वारा बुलाये जाने पर दूध चेक किया गया, यहा भी दूध फेल निकला। दूध में फैट 1.92 प्रतिशत तथा पानी की मात्रा 33 प्रतिशत पाया गया। संचालक द्वारा बताया गया कि मनोज यादव नामक देवनगर का व्यक्ति उसे रोजाना लगभग 60 लीटर दूध की सप्लाई करता है। 3 किलो खोवा की जांच की जो एकदम नकली निकला। उसे जब्त कर लिया गया। इनके यहां खराब छेना चमचम की मिठाई लगभग 3 किलो फ्रीजर में मिला। जिसका तापमान ठीक कर वे ग्राहकों में खपाना चाहते थे। इसके बाद भैयाथान रोड स्थित कृष्णा डेयरी की जांच किया गया, यहां पर रांची, बनारस से लाकर सेन्थेटिक पनीर खपाया जा रहा था उसकी भी जब्ती की गयी।

रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाए पशु चिकित्सा विभाग के दोनों लिपिक निलंबित

महासमुंद (आरएनएस)। सेवानिवृत्त महिला भृत्य से पेंशन और जीपीएफ प्रकरण के निपटारा के लिए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाए पशु चिकित्सा विभाग के दो लिपिकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में सेवानिवृत्त भृत्य सुरेखा राउत ने बताया कि वह शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा से 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुई। सेवानिवृत्ति के बाद उसका पेंशन और जीपीएफ प्रकरण का काम चल रहा था जिसे बनाने के लिए पशु चिकित्सा सेवाएं महासमुंद कार्यालय के सहायक ग्रेड-1 उमाशंकर गुप्ता एवं सहायक ग्रेड-2 सविता त्रिपाठी ने रुपए की मांग की। पूर्व में दो किश्त में 57 हजार रूपए रिश्वत के तौर पर ले लिया था बावजूद काम नहीं कर रहे थे और 40 हजार रूपए की मांग फिर की गई थी जिसे बुधवार को देने का करार था। लिपिकों की डिमांड से त्रस्त रिटायर्ड भृत्य सुरेखा ने एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर में शिकायत कर दी। बाद योजनाबद्ध तरीके से बुधवार को उन्हे 39 हजार रूपए की रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 के अंतर्गत प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर दोनों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (नियंत्रण, वर्गीकरण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) (ख) 2 (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

बैकुंठपुर में आया फिर भूकंप, दहशत में लोग घरों से बाहर निकले

- रिक्टर पैमाने पर 4.8 मापी गई

अंबिकापुर/रायपुर, 14 अक्टूबर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए। बैकुंठपुर से 7 किलोमीटर दूर गेज बांध-राकया के पास भूकंप के झटके आए। सुबह 5 : 28 पर आए भूकंप के झटके की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 मापी गई।

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप का केन्द्र अंबिकापुर से 65 किलो मीटर दूर जमीन से 10 किलोमीटर अंदर था। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि जिले में बार-बार भूकंप के झटके आने से लोग दहशत में हैं। कोरिया इलाके में पिछले कुछ महीने में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। 11 जुलाई को आए भूकंप की तीव्रता 4.3 आंकी गई थी। उसके बाद 29 जुलाई को भी कोरिया इलाके में ही भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस दौरान रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.6 आंकी गई थी। जानकारी के अनुसार भूकंप का केन्द्र बैकुंठपुर से पश्चिम-उत्तर दिशा में 16 किमी दूर और जमीन से 10 किमी अंदर था। इसके पहले 16 मार्च को भी अंबिकापुर संभाग में भूकंप के झटके महसूस किये गए थे। तब रिक्टर पैमाने पर 3.1 तीव्रता के भूकंप मापा गया था।

पिता ने दो महीने के बेटे को पटककर मार डाला : बच्चे के शरीर पर पिटाई के भी निशान, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले में 2 महीने के बेटे को गुरुवार को उसके ही पिता ने पटक कर मार डाला। बच्चे के शरीर पर पिटाई के निशान भी हैं। बच्चे की छाती, पैर और सिर पर भी मारे जाने के निशान मिले। घटना बालको थाना क्षेत्र के लालघाट बस्ती की है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

बालको थाना प्रभारी विजय चेलक ने बताया कि लालघाट बस्ती का रहने वाला सरना मुंडा कुछ साल पहले अपने साथियों के साथ मजदूरी करने के लिए उत्तर प्रदेश के वाराणसी गया हुआ था। यहां वो ईंट भ_ में काम करता था। यहां उसकी जान-पहचान झारखंड की रहने वाली युवती शांति से हुई थी। बाद में दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे और भागकर शादी कर ली। इसके बाद दोनों वाराणसी में ही मजदूरी करने लगे। इस बीच शांति ने एक बेटी को जन्म दिया, जो अब 4 साल की हो गई है। अभी 2 महीने पहले ही शांति ने एक बेटे को जन्म दिया है। बेटे के जन्म के बाद सरना मुंडा पत्नी और बच्चे को लेकर अपने गृह ग्राम कोरबा के लालघाट आ गया। यहां आकर वो मजदूरी करने लगा, लेकिन दिनरात शराब के नशे में धुरत रहता था। वो अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था और उसे लगता था कि ये बेटा उसका नहीं है। बुधवार रात को भी आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ इसी बात को लेकर विवाद और मारपीट की।

गुरुवार सुबह 11 बजे आरोपी सरना फिर शराब के नशे में चूर होकर घर पहुंचा और अपनी पत्नी शांति से विवाद करने लगा। पति ने अपनी पत्नी को जमकर मारा और 2 महीने के बेटे को भी जमीन पर पटक दिया। साथ ही बच्चे की पिटाई भी आरोपी ने की, जिससे उसे गंभीर चोट लगी। मां बच्चे को छोड़ देने के लिए चिल्लाती रही, लेकिन शराबी बाप पर इसका कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद मां शांति तुरंत बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मां शांति और गांववालों ने पुलिस को खबर की। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

लखौली और कोसरंगी में बनेंगे ग्रामीण औद्योगिक पार्क

- ग्रामीणो को मिलेंगे आजीविका के अवसर
- संघारी और भोथली नाले की गाद सफाई करने के दिए निर्देश
- कलेक्टर ने आज आरंग विकासखण्ड के विभिन्न गांव का किया दौरा

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज आरंग विकासखंड के लखौली, बेनीडीह, गुदगुदा (अमेठी) और कोसरंगी गांव का दौरा कर ग्रामीण औद्योगिक पार्क, गौठान और नालों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से ली और उनकी समस्याओं- मांगो के बारे में पूछा। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ आकाश छिकारा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

कलेक्टर डॉ भुरे ने आज आरंग के ग्राम लखौली और कोसरंगी में बनाए जाने वाले ग्रामीण औद्योगिक पार्क स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस पार्क में अधिक से अधिक आजीविका मूलक गतिविधियों का संचालन होना चाहिए, ताकि इससे महिलाओं को रोजगार मिले और उनकी आर्थिक स्त्रोत में वृद्धि हो। महिलाओं ने अवगत कराया कि इस पार्क में बेकरी के उत्पाद जैसे टोस्ट, पाव, ब्रेड, पापड़, दोना-पत्तल आदि बनाए जाएंगे। इन उत्पादों का विक्रय स्थानीय एवं आसपास के गांव में किया जा सकेगा। इसी तरह कलेक्टर ने गाँव के गौठान का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ भुरे ने गौठान में चल रही आजीविका गतिविधियों की जानकारी संचालक समिति से ली। उन्होंने गौठान में गोबर खरीदी और वर्मी खाद उत्पादन की जानकारी भी ली। गौठान में बन चुके वर्मी खाद को यथाशीघ्र बेचने की बात कही। गौठान में वर्मी टाँको का निरीक्षण किया और महिला समूहों की सदस्यों को खाद बनाने की निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने को कहा। समूह की सदस्यों ने बताया कि गौठान में बनाये जा रहे वर्मी कम्पोस्ट और बाड़ी से अच्छी आमदनी हो रही है।

कलेक्टर ने बेनीडीह के संघारी नाला और गुदगुदा स्थित भोथली नाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को नाले के प्रारंभ से अंत तक गाद की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। आवश्यतानुसार नाले में पानी को रोकने के लिए स्टॉप-डेम तथा नाले के दोनो ओर वृक्षारोपण कराया जा सकता है। नाले की जमीन को अतिक्रमण से बचाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मच्छरों से पाना चाहते हैं छुटकारा तो घर व आस-पास लगाएं ये 10 पौधे

- विषय-विशेषज्ञों द्वारा चिन्हांकित औषधीय पौधों के रोपण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा लोगों को जागरूक

कवर्धा (आरएनएस)। मच्छरों से छुटकारा पाने के लिए कैमिकल युक्त दवाओं की जगह औषधीय पौधों का उपयोग बढाया जा रहा है। इसके लिए राज्य शासन ने पत्र जारी कर ऐसे ओषधीय पौधों की सूची जारी की है, जिन्हें लगवाने से मच्छरों को पनपने से रोकने में मदद मिलती है।

इस पत्र के संदर्भ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुजॉय मुखर्जी ने बताया कि तुलसी, कृष्ण तुलसी, ओडोमास, पुदीना, दमनक, अजवाइन, मारीच,लहसुन, गेंदा और लेमनग्रास के पौधों का रोपण जिले के सभी कार्यालयों में करवाने की सलाह समस्त अधिकारियों-करचारियों को दी गई है। इसके अतिरिक्त घरों में इन पौधों को लगवाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इनके लाभ के बारे में भी लोगों को बताया जा रहा है। मच्छर कम होने से उनकी वजह से होने वाली बीमारियों जैसे- मलेरिया, डेंगू व अन्य में कमी लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले के जिन विकासखण्डों में मलेरिया व डेंगू के प्रकरण अधिक मिले हैं उन ग्रामों व एरिया का चिन्हांकन करके टीम द्वारा लोगों को उक्त पौधों के रोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

बांटे पौधे, स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया है रोपण- उक्त पौधों का रोपण जिले के बहुत से स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया है, इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग ने कलेक्टर , एसपी, एसडीएम, जिला पंचायत सी ई ओ आदि कार्यालयों में उक्त पौधे भेंट कर सभी को इन पौधों का उपयोग बढाने की सलाह दी गई।

डॉ मुखर्जी ने बताया कि तुलसी का पौधा हवा साफ रखने के साथ-साथ छोटे-छोटे कीड़े और मच्छरों को भी आपसे दूर रखता है। इसके पत्तों का इस्तेमाल आप चाय और काढ़ा बनाने के लिए कर सकते हैं।

इसी प्रकार गेंदे का फूल ना सिर्फ आपके घर के बालकनी को खूबसूरत बनाने का काम करता है बल्कि इसकी खुशबू मच्छरों और उडऩे वाले कीड़ों को भी आपसे दूर रखती है। मच्छरों को भगाने के लिए इस फूल की जरूरत नहीं होती, उसके लिए इसका पौधा ही काफी होता है।

उन्होंने बताया कि प्राय: लेमन ग्रास का इस्तेमाल उसकी सुगंध की वजह से किया जाता है, लेमन ग्रास के पौधे का इस्तेमाल मच्छर भगाने वाली कई दवाओं में भी किया जाता है। इसकी मनमोहक और ताजगी भरी खुशबू एक तरफ जहां मूड फ्रेश करने का काम करती है वहीं इसकी खुशबू से मच्छर दूर भागते हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सक्सेने एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं सम्मान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU